हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जून 2026

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

13 पत्रकार सम्मान समारोह में गूंजा ..



12 संयंत्र का खपराडीह गेट पुनः खुला 500 से..








## खबर संक्षेप

### कपड़ा धोने, खाना बनाने के विवाद पर पत्नी की हत्या

**रायपुर।** खरोरा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व कपड़ा धोने तथा खाना बनाने के विवाद पर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को सत्र न्यायाधीश बलराम प्रसाद वर्मा की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक जगदीश प्रसाद अग्रवाल के अनुसार कोर्ट ने तीजन बाई देवांगन की हत्या के आरोप में याज्ञवल्क देवांगन को सजा सुनाई है। कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक 6 मार्च 2024 को आरोपी ने अपनी पत्नी को कपड़ा धोने तथा खाना बनाने के लिए कहा। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इस दौरान सिलाई मशीन की कैंची से अपनी पत्नी के गले में वार कर हत्या कर दी।

### मामूली विवाद पर दादी की टंगिया मारकर हत्या

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर अपनी दादी की टंगिया मारकर हत्या करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश शैलेश शर्मा की कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक राहुल गुप्ता के अनुसार कोर्ट ने गोपाल नगर निवासी फेकन बाई की हत्या के आरोप में दिनेश उर्फ दीनू साहू को कैद की सजा सुनाई है। आरोपी ने मामूली विवाद पर 19-20 अप्रैल की दरमियानी रात अपनी दादी की टंगिया से वार कर हत्या कर दी थी।

### पेट्रोल पंप से हाइवा चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** पेट्रोल पंप में पार्क हाईवा चोरी करने के आरोपी को उरला पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। मनीराम यादव की शिकायत पर पुलिस ने खिलावन पात्रे को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 20 जून की शाम सात बजे हाईवा सीजी 07 सीए 5157 का चालक बजरंगबली मौर्या जेए फयूल्स में वाहन पार्क कर अपने घर चला गया। दूसरे दिन मौके पर ड्राइवर पहुंचा, तो हाईवा गायब मिला। पुलिस ने आरोपी को घटना स्थल पर मिले सीसीटीवी फूटेज तथा मुखबिरों की मदद से गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

**महासमुंद।** सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर से बाइक के टकरा जाने से नाबालिग की मौत के मामले की सांकरा पुलिस ने जांच की। पुलिस ने बताया कि थाना सांकरा के मर्ग क्रमांक 14/26 धारा 194 बीएनएसएस जांच की जांच की गई। जांच में पुलिस ने घटना के समय मृतक उमेश कुमार यादव पिता तेज कुमार यादव (16 साल) बेलारी थाना सलिहा जिला बलौदाबाजार छग के साथ में रहे रामप्रसाद यादव पिता मिलउ राम यादव (17 साल) गबोध से पूछताछ की गई। जिसने अपने कथन में बताया कि दिनांक 09.02.2026 को ग्राम सांकरा में शादी के कार्यक्रम में गये थे, वहीं पर उमेश यादव के किराया के मकान रहने से मेरे दोस्त करन मिर्धा के मोटर सायकल को जिद कर मांग कर उसे भी साथ लेकर एनएच 53 रोड के तरफ ले गये और मोटर सायकल को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर सांकरा पेट्रोल पंप के पास डिवाईडर में टकराकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे उमेश की मौत हो गई और मुझे जबड़े पर चोट आई। मामले में धारा 281, 125(ए), 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।



**आक्रोश :** जिला मुख्यालय में धरना-रैली निकालकर शासन के खिलाफ जताया विरोध

# मितानिनों का आंदोलन, मानदेय वृद्धि और संविलियन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के बैनर तले मितानिन कर्मचारियों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय में धरना-प्रदर्शन कर विभिन्न मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों ने रैली निकालकर शासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया तथा ज्ञापन सौंपा।



प्रदर्शनकारियों ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 के दौरान जारी छत्तीसगढ़ के लिए मोदी की गारंटी में मितानिन कर्मचारियों के मानदेय में 50 प्रतिशत वृद्धि तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविलियन का वादा किया गया था। लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिससे प्रदेशभर के मितानिन कर्मचारियों में निराशा व्याप्त है।

मितानिन संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि मितानिन कार्यक्रम के संचालन को पुनः निजी संस्था (एनजीओ) को सौंप दिया गया है, जिसका वे विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि स्वास्थ्य सेवाओं में वर्षों से महत्वपूर्ण योगदान देने वाले मितानिन कर्मचारियों को ठेका प्रथा के बजाय सीधे एनएचएम के अंतर्गत शामिल किया जाना चाहिए।संघ ने बताया कि मितानिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं कार्यरत हैं। यदि इनका एनएचएम में संविलियन किया जाता है तो यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। साथ ही उनकी आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित होने से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। प्रदर्शनकारियों ने शासन से मांग की कि 24 वर्षों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को एनएचएम में संविलियन करते समय शिक्षा, आयु एवं रोस्टर संबंधी नियमों में एकमुश्त छूट वन टाइम रिलैक्सेशन प्रदान की जाए।

**प्रमुख मांगें**

मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फैसिलिटेटर एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों का राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम में संविलियन। चुनावी घोषणा पत्र के अनुरूप मानदेय-क्षतिपूर्ति में 50 प्रतिशत वृद्धि। मितानिन कार्यक्रम में ठेका प्रथा समाप्त कर निजी संस्थाओं एनजीओ के माध्यम से संचालन बंद किया जाए। धरना-प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मितानिन कर्मचारी उपस्थित रहे और अपनी मांगों को लेकर शासन से शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।

# मांठ में धर्मांतरण का विरोध, पुलिस ने पास्टरों को गिरफ्तार किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

क्षेत्र ग्राम मांठ में गुरुवार को हिंदू देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोपों पुलिस ने दो पास्टरों को गिरफ्तार किया है। पास्टरों की गिरफ्तारी के विरोध में ईसाई समाज के लोग बड़ी संख्या में खरोरा थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम मांठ में धार्मिक गतिविधियों के दौरान कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि हिंदू देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं। साथ ही लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित या दबाव डालने की बात भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में दो पास्टरों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की गई है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही ईसाई समाज के लोग बड़ी संख्या में खरोरा थाने पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं और बिना पर्याप्त तथ्यों के कार्रवाई की गई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए गिरफ्तार पास्टरों को निर्दोष बताया।

- विरोध में ईसाई समाज ने थाने के समक्ष किया प्रदर्शन
- जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी
- प्रशासन की समझाइश से स्थिति सामान्य

**गिरफ्तारी के बाद थाने के बाहर तनाव**

गिरफ्तारी के बाद कुछ समय तक थाने के बाहर तनावपूर्ण माहौल बना रहा। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद स्थिति सामान्य हो गई। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले से जुड़े दस्तावेजों, शिकायतों और गवाहों के बयानों की जांच की जा रही है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# आयोग ने उपभोक्ता को दिलाई दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




कंपनी द्वारा परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि देने में आनाकानी किये जाने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा विरोधी पक्षकार न्यू इंडिया जनरल इन्सुरेंस कंपनी अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार को सेवा में कमी का दोषी माना है। परिवादी को दुर्घटना बीमा क्षतिपूर्ति राशि 2500000 रुपए एवं उपभोक्ता को मानसिक एवं आर्थिक क्षतिपूर्ति हेतु राशि 25000 रुपए तथा वाद-व्यय हेतु 7000 रुपये परिवादी को प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार निवासी मेसर्स फ्रेंड्स फूड्स के प्रोपराइटर वेदप्रकाश पारवानी ने विरोधी पक्षकार से अपनी स्वामित्व के संस्थान मेसर्स फ्रेंड्स फूड्स का बीमा कराया था। उक्त संस्थान में बाढ़ का पानी घुसने से 2500000 की हानि हुई। परिवादी द्वारा विरोधी पक्षकार को घटना की जानकारी दिया गया उपरांत दावा क्लेम फॉर्म भरकर प्रस्तुत किया गया सर्वेयर के बताये अनुसार समस्त दस्तावेज विरोधी पक्षकार के पास जमा कर दिया गया परंतु लगभग 1 वर्ष से अधिक समय पश्चात भी विरोधी पक्षकार द्वारा क्षतिपूर्ति राशि प्रदाय नहीं की गई, जिससे परिवेदित होकर परिवादी द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत किया गया।

**लापरवाही एवं दावा जांच में नियमों की अवहेलना**

आयोग के अध्यक्ष रंजना दत्ता एवं सदस्यगण हरजीत सिंह चावला व शारदा सोनी ने पेश दस्तावेजों एवं संबंधित नियम आदि का सूक्ष्मता से अध्ययन कर पाया कि दुर्घटना की सूचना एवं जानकारी प्रदाय किये जाने के पश्चात भी विरोधी पक्षकार द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही या बीमा पॉलिसी के दावे के सम्बन्ध में नियमानुसार एवं प्रावधानुसार सम्बंधित क्षतिग्रस्त या घटना स्थल में जाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत दावे बाबत सत्यता की जांच किये जाने की कोई कार्यवाही किया जाना प्रकट नहीं है ना ही विरोधी पक्षकार द्वारा नोटिस का कोई जवाब दिया गया है।

# 84 क्विंटल राशन गबन करने वाले सेल्समैन पर अब तक एफआईआर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

कसडोल विधानसभा के तहसील लवन अंतर्गत 10 किमी दूर महानदी किनारे बसा ग्राम पंचायत सिरियाडीह के सरकारी पीडीएस दुकान से वहीं का सेल्समैन गौरीशंकर साहू पर ग्रामीणों ने विगत कई महीनों के बचत राशन 84 क्विंटल को गबन कर डकार लिए जाने का मामला विगत तीन माह से सुर्खियों में छाया हुआ है, जिस पर खानापूर्ति के लिए सेल्समैन को हटा दिया गया हैं, लेकिन उनके विरुद्ध न ही राशन रिकवरी की गई हैं और न ही इस अपराध के लिए अपराधिक मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। शासन की महत्वपूर्ण योजना अंत्योदय खाद्यान योजना है जो कि गरीब परिवार को हर माह भरपूर भोजन उपलब्ध कराने की उद्देश्य से चलाया जा रहा है। मीडिया में खबर प्रकाशन होते ही आनन फानन में सेल्समैन गौरीशंकर साहू को जैसे तैसे समिति एवं विभाग की बदनामी को बचाने बर्खास्त कर दिये गए हैं, लेकिन विगत कई महीनों के हितग्राहियों के बचत राशन को चोरी की सजा अभी तक सेल्समैन को नहीं देना सीधे ▶▶ शेष पेज 13 पर



**राजस्थान के कोटा में आयोजित राहुल गांधी के वक्तव्य का प्रसारण**

# बेरोजगारी और पेपर लीक पर कांग्रेस का आंदोलन

रिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



नीट पेपर लीक, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितताओं, भर्ती प्रक्रियाओं में देरी और बढ़ती बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार को जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता एवं छात्र संवाद कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आयोजित किया गया, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कोटा राजस्थान में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का प्रसारण किया गया।

एनएसयूआई बलौदाबाजार विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा के नेतृत्व में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं ने राहुल गांधी के संबोधन और द फैक्ट्री कोटा- छात्रों की गूंज प्रस्तुति को देखा एवं सुना। इस दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं और अपने भविष्य को लेकर चिंता व्यक्त की। कांग्रेस नेताओं ने दावा किया कि नीट पेपर लीक जैसी घटनाओं ने छात्रों का मनोबल तोड़ा है ▶▶ शेष पेज 13 पर



**शिक्षा व्यवस्था बन गई है रिजेक्शन सिस्टम**

पत्रकारवार्ता में प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था छात्रों के लिए अवसरों की बजाय निराशा का कारण बनती जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़ती अनियमितताओं और पेपर लीक की घटनाओं से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था एक प्रकार के रिजेक्शन सिस्टम में बदल गई है, जहां सीमित अवसरों के कारण अधिकांश छात्रों को असफलता का सामना करना पड़ता है।

# शाला प्रवेश उत्सव पर साइकिल का वितरण



**मुंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पैजनी में शाला प्रवेश उत्सव पर मुख्य अतिथि सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गायकवाड़, उपाध्यक्ष संतोष वर्मा, लुकेश्वर वर्मा सरपंच, ज्ञानेंद्र बघेल प्राचार्य की उपस्थिति में कक्षा 9वीं के नव प्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं 47 बालिकाओं को निःशुल्क सरस्वती सायकिल वितरण किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बच्चों को नियमित शाला आने एवं अच्छे से पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किए। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक गण भीखम ठाकुर, हिमांशु कश्यप, ममता राठौर, मधुर दास मानिकपुरी, नवीन साहू, भानु शर्मा, त्रिलोचन सिंह ध्रुव, दुर्गा प्रसाद वर्मा एवं शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य एवं पालक यशवंत वर्मा, गिरवर वर्मा, हलधर वर्मा, भास्कर वर्मा, उत्तरा कुमार यदु, योगेश भारद्वाज, काशी राम यदु, देव कुमारी वर्मा, गायत्री वर्मा, रामकृष्ण वर्मा, तीरितराम वर्मा, रेशम लाल वर्मा, संजय टंडन, राजेश वर्मा, प्रभु दयाल वर्मा उपस्थित थे।

# कमियां दूर करने के दावों पर 'पॉजिटिव रिस्पांस', नए मेडिकल कालेजों तक पहुंचेगी एनएमसी की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


शुरुआती आवेदन पर गिनाई गई कमियों को दूर करने के दावों पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को प्रस्तावित नए मेडिकल कालेज के मामले में राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद से पॉजिटिव रिस्पांस मिला है। संभावना है कि आने वाले दिनों में एनएमसी की टीम इन निरीक्षण के लिए इन कालेजों तक पहुंच सकती है। इन कालेजों को अगर एनएमसी मान्यता दे देती है तो अगस्त-सितंबर में होने वाले एडमिशन के दौरान एमबीबीएस सीटों का इजाफा हो जाएगा है।

राज्य में कबीरधाम, जांजगीर-चांपा, मनेंद्रगढ़, दंतेवाड़ा और कुनकुरी में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खोला जाना है। इनमें एक कालेज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दूसरा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और तीसरा गृहमंत्री विजय शर्मा का क्षेत्र है। यहां चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कालेज खोलने शासन की महत्वकांक्षी योजना है। एनएमसी से इन कालेजों की मान्यता हासिल करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग के माध्यम से निरीक्षण के लिए एनएमसी को आवेदन किया गया था। इस दौरान विभिन्न कमियों को गिनाकर पांचों कालेजों के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए थे। इससे स्वास्थ्य विभाग समेत राज्य शासन को बड़ा झटका लगा था। इसके बाद कमियों को दूर करने के लिए हाईलेवल पर काम शुरू किया गया। स्वयं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल दिलचस्पी दिखाते हुए कालेजों के निर्माण कार्यों का जाकर निरीक्षण करते हैं। दावा किया गया है कि सभी कालेजों के आवश्यक निर्माण समय-सीमा पर पूरा कर लिया जाएगा। इस आधार पर गिनाई गई कमियों को दूर करने के दावे के साथ एनएमसी को सूचना भेजी।

## कबीरधाम, जांजगीर, मनेन्द्रगढ़, दंतेवाड़ा और कुनकुरी में खोलना है मेडिकल कालेज

### बढ़ जाएगी ढाई सौ सीटें

इन कालेजों को अगर एनएमसी से मान्यता मिल जाती है तो अगस्त-सितंबर में शुरू होने वाली काउंसिलिंग के दौरान राज्य में एमबीबीएस की शासकीय सीटों की संख्या ढाई सौ बढ़ जाएगी। साथ ही शासकीय कालेजों की संख्या भी दस से बढ़कर 15 हो जाएगी। पचास-पचास सीटों के साथ कालेजों को मान्यता मिलने से ज्यादा छात्रों को चिकित्सा की पढ़ाई करने का मौका मिल सकेगा। इसके अलावा राज्य में पांच प्रायवेट मेडिकल कालेजों में साढ़े सात सौ के लगभग एमबीबीएस की सीट मौजूद है।




### चिकित्सा सेवा का विस्तार भी

इन मेडिकल कालेजों के खुलने से संबंधित क्षेत्रों में चिकित्सा सेवा का विस्तार होगा। कालेजों में संचालित होने वाले विभिन्न विभागों में चिकित्सा शिक्षक (डाक्टरों) की नियुक्ति होगी। इससे स्थानीय मरीजों को अपने मर्ज की दवा के लिए लंबा सफर तय नहीं करना होगा। अभी दंतेवाड़ा के जिस इलाके में मेडिकल कालेज प्रस्तावित है वहां के मरीजों को अपने इलाज के लिए जगदलपुर मेडिकल कालेज तक का सफर करना पड़ता है। कालेज प्रारंभ होने के बाद वहां के लोगों की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### कमियां दूर कर भेज दी गई जानकारी

मान्यता के आवेदन पर कमियां बताना रूटीन प्रक्रिया है। खामियों को दूर कर एनएमसी को इसकी सूचना भेजी जा चुकी है। सभी कालेजों से संबंधित कार्य अपनी समय-सीमा पर पूरा किया जाएगा। नए मेडिकल कालेज से स्वास्थ्य सुविधा और चिकित्सा शिक्षा का विस्तार होगा।

*- श्याम बिहारी जायसवाल*
*स्वास्थ्य मंत्री*

## महिला और उसका पति अभनपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले

# इधर, पुलिस ने पति को समझाया, दूसरी ओर पत्नी ने राजभवन मार्ग पर खुद को जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

न्याय नहीं मिलने की बात कहते हुए सीएम हाउस के सामने परिवार सहित आत्मदाह करने की धमकी देने वाले परिवार की एक महिला ने चार दिन पूर्व राजभवन से सीएम हाउस जाने वाले मार्ग पर खुदकुशी करने की कोशिश की। महिला ने खुद पर पेट्रोल डाल कर आग लगा ली। मौके पर उपस्थित सुरक्षाकर्मियों ने महिला को बचाने के बाद उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार जारी है। आग लगाए जाने की घटना सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में 21 जून शाम छह बजे के करीब की है।

- **चार दिन पूर्व की घटना, महिला का डीकेएस अस्तपाल में चल रहा उपचार**

अभनपुर, भुरकोनी निवासी पूरन लाल साहू की पत्नी ने खुदकुशी करने की कोशिश की। घटना के एक दिन पूर्व पूरन लाल ने प्रेस क्लब में कांन्फ्रेंस कर बताया था कि पिछले एक वर्ष से गांव के कुछ लोगों ने उसके परिवार का सामाजिक बहिष्कार कर हुक्का-पानी बंद कर दिया है। उसके पट्टाधारी आबादी भूमि पर बना मकान 2021 में प्रशासन द्वारा तोड़ा गया था, बाद में पटवारी ने वही जमीन शासकीय भूमि दिखाकर नक्शा बना दिया और वहां से रास्ता बना दिया।

### सामाजिक बहिष्कार तथा मकान तोड़े जाने से नाराज था परिवार



#### गांव में जमीन संबंधी विवाद चल रहा

राजभवन मार्ग पर एक महिला ने खुदकुशी करने की कोशिश की थी, घायल महिला को उपचार के लिए डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनका गांव में कोई जमीन संबंधित विवाद चल रहा है। - *तारकेश्वर पटेल*
*एडीसीपी मध्य क्षेत्र*

#### कांन्फ्रेंस में आत्मदाह की घोषणा

पूरन ने पिछले सप्ताह शनिवार को प्रेस क्लब में प्रेस कांन्फ्रेंस आयोजित कर अपने साथ हो रहे अन्याय के बारे में जानकारी देते हुए न्याय नहीं मिलने पर परिवार के साथ आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। दूसरे दिन वो पत्नी के साथ अभनपुर से रायपुर पहुंचा। पूरन के रायपुर पहुंचने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पूरन को समझाइश देने सिविल लाइंस थाना ले आई। शाम साढ़े पांच बजे पुलिस ने उसे छोड़ा। इसके बाद वो पत्नी के साथ अभनपुर लौटने की बात कह कर थाने से चला गया। थोड़ी देर बाद पुलिस को पूरन की पत्नी के आत्मदाह करने की कोशिश करने की जानकारी मिली।

## एनडीपीएस के प्रकरण में हर दो दिन में तीन को मिल रही सजा

# एनडीपीएस के आरोपी सुनवाई से बचने कर रहे बेल जंप, 15 दिन में 12 आरोपी दूसरे राज्य से किए गए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एनडीपीएस के प्रकरणों में पुलिस के साथ कोर्ट की सख्ती से आरोपी सहमे हुए हैं। आरोपी सुनवाई से बचने बेल जंप कर सुनवाई में नहीं पहुंच रहे। पुलिस की मॉनिटरिंग टीम ने पिछले 15 दिनों में अलग-अलग राज्यों से बेल जंप के 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर उनकी जमानत रद्द करवाई है।

- **पुलिस, कोर्ट की सख्ती से बेदम हुए एनडीपीएस के आरोपी**

पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर साक्षियों की समयबद्ध उपस्थिति, समन एवं वारंट की प्रभावी तामिली तथा बेल जंप कर फरार हुए आरोपियों की गिरफ्तारी पर विशेष फोकस किया जा रहा है। पुलिस द्वारा किए गए सतत प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2026 में मई तक एनडीपीएस अधिनियम से संबंधित कुल 128 प्रकरणों में 198 दोषियों को सजा सुनाई जा चुकी है। विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की कोर्ट में 52, किरण थवाइत की कोर्ट में 63 तथा शैलेष शर्मा के न्यायालय में 13 एनडीपीएस प्रकरणों में 198 आरोपियों को सजा सुनाई जा चुकी है।




### साक्षियों की मॉनिटरिंग

विशेष व्यवस्था के तहत प्रत्येक प्रकरण के साक्षियों की सूची तैयार कर यह सुनिश्चित किया गया कि निर्धारित पेशी तिथि पर सभी आवश्यक साक्षी न्यायालय में उपस्थित रहें। समन एवं वारंट की समय पर तामिली, साक्षियों से सतत संपर्क, उनकी उपस्थिति संबंधी समन्वय तथा न्यायालयीन तिथियों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस कारण कई लंबित प्रकरणों का विचारण तेजी से पूर्ण हो सका। मॉनिटरिंग से न्यायालयों में साक्ष्य दर्ज होने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

### कोर्ट में सुनवाई का डेटा चार्ट जनवरी से मई

| | |
|---|---|
| पंकज सिन्हा - | 31 प्रकरण में 44 आरोपियों को 10 वर्ष से कम की सजा |
| | 13 प्रकरण में 18 आरोपियों को 10 वर्ष की सजा |
| | 08 प्रकरण में 19 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक सजा |
| किरण थवाईत - | 35 प्रकरण में 40 आरोपियों को 10 वर्ष से कम की सजा |
| | 07 प्रकरण में 13 आरोपियों को 10 वर्ष से की सजा |
| | 21 प्रकरण में 40 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक सजा |
| शैलेश शर्मा - | 05 प्रकरण में 08 आरोपियों को 10 वर्ष से कम की सजा |
| | 03 प्रकरण में 06 आरोपियों को 10 वर्ष की सजा |
| | 05 प्रकरण में 10 आरोपियों को 10 वर्ष से अधिक की सजा |

# व्यावसायिक शिक्षक के 478 पद रिक्त, विद्यार्थियों को 25 तरह के ट्रेड में दिया जाना है प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होते ही स्कूलों में शिक्षकों की कमी से छात्र जूझने लगे हैं। प्रदेश के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत 25 तरह की विधाओं में प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में व्यावसायिक शिक्षक के 478 पद रिक्त हैं। ये पद पिछले दो सालों से रिक्त पड़े हैं। इन पदों पर ठेका पद्धति से आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती की जाएगी।

शिक्षक संघ इसके विरोध में आ गया है। उनका कहना है कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए नियमित शिक्षक नहीं होने के कारण पढ़ाई और नतीजे प्रभावित हो रहे हैं। शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री एवं स्कूल शिक्षा मंत्री को इस संदर्भ में पत्र लिखा है। संघ ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्किल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने अलग-अलग ट्रेड आधारित पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में 25 ट्रेड पर छात्रों को शिक्षा दी जा रही है, लेकिन व्यवसायिक शिक्षा के लिए शिक्षक वर्षों से ठेका (आउटसोर्सिंग) व्यवस्था अंतर्गत संचालित है, इसे समाप्त कर नियमित भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए ताकि शासकीय विद्यालयों के परिणाम बेहतर हो सकें।

### 1248 विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम

वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 1284 शासकीय विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित की जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल आधारित शिक्षा का विस्तार किया जाना है। इसके अंतर्गत छात्रों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान की जा रही है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा, शिक्षकों के रिक्त पदों के कारण हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिन विद्यालयों में व्यावसायिक प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण एवं कौशल आधारित शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है, वर्ष 2030 तक सभी विद्यालयों में कौशल शिक्षा का विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है।

***प्रभावित हो रही शैक्षणिक गुणवत्ता*** : शिक्षक संघ के मुताबिक, पिछले लगभग दस वर्षों से व्यावसायिक शिक्षा आउटसोर्सिंग व्यवस्था के माध्यम से संचालित की जा रही है, जिसके कारण नियुक्तियों में विलंब, लंबे समय तक पद रिक्त रहना तथा शैक्षणिक गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रही हैं। जिन विद्यालयों में लंबे समय से प्रशिक्षक उपलब्ध नहीं हैं, वहां वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने, प्रचलित ठेका व्यवस्था समाप्त कर नियमित पद सृजित करने की मांग शिक्षकों ने की है।

# संयंत्र का खपराडीह गेट पुनः खुला 500 से अधिक श्रमिकों को मिली राहत




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

कोरोना काल में सुरक्षा कारणों से बंद किए गए श्री सीमेंट संयंत्र के खपराडीह गेट क्रमांक-2 को लगभग सात-आठ वर्षों बाद पुनः श्रमिकों एवं ग्रामीणों के आवागमन के लिए खोल दिया गया है। लंबे समय से चली आ रही इस मांग को संयंत्र प्रबंधन द्वारा स्वीकार किए जाने पर क्षेत्र के श्रमिकों और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

ज्ञात हो कि कोरोना महामारी के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से खपराडीह गेट को बंद कर दिया गया था। इसके बाद खपराडीह, सिमराडीह सहित आसपास के गांवों से आने वाले श्रमिकों को संयंत्र में प्रवेश के लिए मुख्य गेट का उपयोग करना पड़ता था। इससे उन्हें प्रतिदिन लगभग सात से आठ किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे समय और आर्थिक दोनों प्रकार की हानि होती थी। साथ ही मुख्य मार्ग के जर्जर एवं धूल-धक्कड़ भरे होने के कारण श्रमिकों को आए दिन दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों एवं श्रमिकों के आग्रह पर खपराडीह के सरपंच गजेन्द्र वर्मा ने संयंत्र प्रबंधन के समक्ष गेट को पुनः खोलने की मांग रखी थी। संयंत्र प्रबंधन ने इस मांग को विशेष महत्व देते हुए गेट क्रमांक-2 को पुनः प्रारंभ कर दिया। गेट खुलने से खपराडीह, सिमराडीह, सुहेला एवं पलारी क्षेत्र से आने वाले लगभग 500 श्रमिकों को सीधा लाभ मिलेगा तथा उनके आवागमन की दूरी और समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। गेट का शुभारंभ खपराडीह सरपंच गजेन्द्र वर्मा द्वारा फीता काटकर एवं श्रीफल फोड़कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों एवं श्रमिकों ने श्री सीमेंट संयंत्र के यूनिट हेड हुकुमचंद गुप्ता तथा संयंत्र प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यक्रम में पंच दीपक बघमार, परमेश्वर बघमार, परमेश्वर साहू, अशोक भारद्वाज, उपसरपंच प्रतिनिधि हेमंत नायक, पूर्व उपसरपंच मनहरण यदु, ग्राम सत्तादार भोजराम वर्मा, ओमकार बघमार, शोभित वर्मा, शिक्षाविद प्रदीप बघमार, कमल बघमार, भूषण बघमार, शत्रुघ्न बघमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

# महंगे बिजली बिल एवं अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का पोस्टर वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली की दर एवं अघोषित बिजली कटौती को लेकर राजधानी के डीडी नगर, खमतराई एवं गुढ़यिारी के विद्युत जोन में पोस्टर चस्पा किया। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बिजली दर बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की जनता से ''मोदी टैक्स'' वसूल रही है। कांग्रेस लगातार छत्तीसगढ़ में बिजली को लेकर आंदोलन कर रही है। पूर्व में भी अन्य विद्युत जोन में पोस्टर लगाये गये हैं और आगे भी यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में लगाये गये स्मार्ट मीटर के कारण काफी ज्यादा समस्या आ रही है, जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर को हटाया जाये। छत्तीसगढ़ के बिजली उपभोक्ता पहले से ही बिजली की महंगी दर, स्मार्ट मीटर के कारण अनाप शनाप बिजली बिल, लो वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती से हलाकान हैं। पहले बिजली बिल हाफ योजना के तहत 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया। अब इस महंगाई में उपभोक्ता दोगुना बिल का भुगतान कहां से करेगी।

- **बिजली दर बढ़ाकर छत्तीसगढ़ की जनता से ''मोदी टैक्स'' वसूल रही- विकास**



### ये थे मौजूद

आज के इस कार्यक्रम में विकास उपाध्याय के साथ डॉ. अन्नू राम साहू, किशन लाल बाजारी, कमलाकान्त शुक्ला, संदीप शर्मा, योगेश दीक्षित, लखन लाल बाजपेयी, शशिकांत साहू, बृजभूषण शुक्ला, संजीव नायडू, अभिषेक ठाकुर, फ्रांसिस डेविड, मनीष पांडेय, मेहताब हुसैन, दानी वर्मा, राजेन्द्र साहू, सुनील देवांगन, दिलीप झा, ज्योति साहू, सोनू ठाकुर, मनीष शर्मा, सुरेश लहरे, दयानंद शर्मा, महेश साहू, संजू विश्वकर्मा, आर रमेश कुमार, अनिल वर्मा, नीरज शर्मा, डॉ. उमाकांत जाटवार आदि उपस्थित थे।

# मूणत ने छात्रा युक्ता को 5 हजार-स्कूटी देकर किया सम्मानित, 25 हजार देने की घोषणा भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पूर्व मंत्री एवं रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने मेरिट में आने वाली मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा युक्ता मुखी साहू को पुरस्कार के रूप में 5 हजार रुपए एवं बैटरी स्कूटी देते हुए सम्मानित किया। इस दौरान विधायक ने छात्रा की आगे की शिक्षा के लिए 25 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

विधायक राजेश मूणत बुधवार को मायाराम सुरजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने मेरिट में आने वाली छात्रा युक्ता मुखी साहू को अपने वादे के अनुसार बैटरी स्कूटी और 5 हजार रुपए का चेक सौपा। इस दौरान उन्होंने युक्ता की आगे की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपए सहयोग राशि देने की घोषणा भी की। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षक भी मौजूद रहे।



### 223 विद्यार्थियों को देंगे 5-5 हजार का चेक

विधायक ने पूर्व में घोषणा की है कि वे रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय स्कूलों के 90 प्रतिशत से अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। इसके लिए 223 विद्यार्थियों की पहचान की गई है। इन सभी विद्यार्थियों को 5-5 हजार के चेक प्रदान किए जाएंगे। मूणत ने इससे पूर्व मेरिट में आने वाली एक छात्रा को व्यक्तिगत कोष से बैटरी स्कूटी भेंट कर चुके है।युक्ता दूसरी छात्रा है, जिसे स्कूटी दी गई है।

# उत्तर-दक्षिण में भारी बारिश, मध्य हिस्से में अभी भी इंतजार, बस तापमान कम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून आने के बाद पिछले चौबीस घंटे में उत्तर और दक्षिण में भारी बारिश हुई है मगर रायपुर समेत मध्य इलाके इसका इंतजार है। मंगलवार की रात छिटपुट वर्षा से तापमान में गिरावट आई है। इधर उत्तरी सीमा को छोड़कर मानसून पूरे छत्तीसगढ़ में पहुंच गया है। बंगाल की खाड़ी, अरब सागर में सिस्टम बनने के साथ राज्य के आसपास कुछ मौसम तंत्रिका भी सक्रिय हुआ है।

- **उत्तरी सीमा को छोड़कर पूरे छत्तीसगढ़ में पहुंचा मानसून**

मंगलवार की रात राजधानी में बादल जमकर गरजे मगर उसके हिसाब बारिश नहीं हुई। बूंदाबांदी और हल्की वर्षा की वजह से बुधवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंचा है। इधर मानसूनी गतिविधि बढ़ने से बस्तर और सरगुजा संभाग के अनेक इलाके में भारी से मध्यम वर्षा हुई है। मध्य इलाका रायपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, बिलासपुर में इसका खास असर नहीं हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक मानसून की उत्तरी सीमा सूरत, इंदौर, मंडला, डाल्टनगंज, मोतिहारी है। यह छत्तीसगढ़ के 90 फीसदी हिस्से को कव्हर कर चुका है। अभी सीजनल द्रोणिका राजस्थान से गंगेटिक पश्चिम बंगाल तक मध्य समुद्र तल पर स्थित है।



### गर्मी ने लोग परेशान

अभी मौसम में बड़ा बदलाव संभव नहीं है मगर आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ सकती है। अभी शहरी इलाके में उमस वाली गर्मी ने लोगों को परेशान किए है। पिछले चौबीस घंटे में बड़े बचेली में 9, रायगढ़ में 8, सारंगढ़ में 6, सरायपाली, मालखरौदा, तमनार में 5-5 चंद्रपुर, पुसौर, सामरी में 4-4, दंतेवाड़ा, कुसमी, सरसींवा, डभरा, बसना, महासमुंद, सारागांव में 3-3, कसडोल, भटगांव, सहित दो दर्जन से ज्यादा शहरों में 2 से 1 सेमी. तक बारिश हुई।

# आपातकाल को भाजपा ने बताया कांग्रेस का तानाशाही इतिहास

## कांग्रेस आज संविधान बचाने की बात करती है, लेकिन 1975 में उसे रौंदा था : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

कांग्रेस सरकार द्वारा 25 जून 1975 को देश पर थोपे गए आपातकाल के 51 वर्ष पूर्ण होने पर जिला भाजपा द्वारा पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने आपातकाल को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे कलंकित अध्याय बताते हुए कांग्रेस की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता पर तीखा प्रहार किया।

नेताओं ने कहा कि 21 महीने तक चला आपातकाल का दौर भारत के संविधान, न्यायपालिका, मीडिया और नागरिक अधिकारों की हत्या का दौर था। आज 51 साल बाद भी देश उस अंधकार युग की पीड़ा को नहीं भूला है।

### लोकतांत्रिक इतिहास पर सबसे बड़ा धब्बा

वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने कहा 25 जून 1975 की वो काली रात देश के लोकतांत्रिक इतिहास पर सबसे बड़ा धब्बा है। 12 जून 1975 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी को चुनाव में सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी ठहराया था। उनका रायबरेली से निर्वाचन रद्द कर दिया गया, 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई और सार्वजनिक पद के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। गुजरात विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के विरुद्ध प्रचंड जनादेश आया था।



अपनी सत्ता बचाने के लिए बौखलाई इंदिरा गांधी ने आधी रात को मंत्रिमंडल को भी अंधेरे में रखकर आपातकाल थोप दिया। उसके बाद देश में जो हुआ वो किसी तानाशाह से कम नहीं था। अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मोरारजी देसाई, जयप्रकाश नारायण समेत लाखों विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को आधी रात को सोते से उठाकर मीसा और डीआईआर के तहत जेलों में ठूंस दिया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राकेश तिवारी, ओम प्रकाश देवांगन, पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, द्वारका वर्मा उपस्थित थे।

### कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण है आपातकाल

किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर ने कहा आपातकाल कांग्रेस की तानाशाही और लोकतंत्र विरोधी सोच का सबसे बड़ा प्रमाण है। 25 जून 1975 की आधी रात को जब देश सो रहा था, तब इंदिरा सरकार ने संविधान को ताक पर रखकर लोकतंत्र का गला घोंट दिया। लाखों किसानों, मजदूरों और आम नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। बोलने की आजादी, विरोध करने का हक - सब कुछ कुचल दिया गया। आज जो कांग्रेस संविधान बचाने की बात करती है, उसी ने 1975 में संविधान के हर पन्ने को रौंदा था।

## खबर संक्षेप

### एमसीएच में जलसंकट मरीज और परिजन हलाकान

**रायपुर।** कालीबाड़ी स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली महिलाएं और उनके परिजनों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। व्यवस्था बाधित होने की वजह से मरीजों को अपने स्तर पर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। यह अस्पताल जिले का दूसरा बड़ा अस्पताल है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में प्रसव प्रक्रिया पूरी होती है। जिला अस्पताल से संचालित होने वाले कालीबाड़ी के मातृ शिशु चिकित्सालय में रोजाना दर्जनभर डिलीवरी कराई जाती है। इसके अलावा यहां नियमित रूप से दो से ढाई सौ की ओपीडी होती है। अस्पताल पिछले तीन दिनों से जल संकट से जूझ रहा है। पेयजल के साथ अन्य सामान्य कामकाज के लिए भी यहां पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। इसका सीधा असर यहां भर्ती होने वाले मरीजों पर पड़ रहा है। परिजनों ने बताया कि उन्हें अपना नियमित कार्य पूरा करने के लिए घर तक जाना पड़ता है। प्रसव पीड़ा से जूझ रही प्रसूता को ज्यादा तकलीफ है, क्योंकि उसे अस्पताल में ही भर्ती रहना पड़ता है।

## पेज 11 के शेष

### 84 क्विंटल राशन ...

सीधे सेल्समैन को सरंक्षण देने का आरोप सुर्खियों में लगातार छाया हुआ है। बर्खास्त सेल्समैन गौरीशंकर साहू ने हरिभूमि को बताया कि 84 क्विंटल चावल को शासन को वापस करूंगा धीरे धीरे से। महीने में जो चावल बचता था उसी को एकत्रित करके रखता था। हितग्राहियों का चावल नहीं गबन किया हूं।

### बेरोजगारी के मुद्दे...

तथा युवाओं में मानसिक तनाव बढ़ा है। साथ ही शिक्षा पर होने वाले भारी खर्च और बढ़ती बेरोजगारी को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार एवं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से पेपर लीक मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पार्टी नेताओं ने युवाओं के हितों की लड़ाई को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष परमेश्वर यदु, प्रभारी महामंत्री रामकुमार साहू, जिला महामंत्री सिद्धांत मिश्रा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, दीपक साहू, जनपद सदस्य रामकुमार टंडन, जितेंद्र नवरत्न, संजय सोनी, सुखदेव साहू, नीरज बांधे, विजय साहू, मोहन साहू, कमलेश्वर यदु, जतिराम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं छात्र उपस्थित रहे।

## मंत्री टंकराम एवं पूर्व विस अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने किया पत्रकारों का सम्मान

# पत्रकार सम्मान समारोह में गूंजा ऑडिटोरियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





प्रेस क्लब द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में जिले भर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा रहे। अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेश गनशानी ने की। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कसडोल विधायक संदीप साहू, पाठ्य पुस्तक निगम पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केसरवानी, वरिष्ट अधिवक्ता सतीशचंद श्रीवास्तव, एस.एम. पाध्ये, विद्याधर तिवारी, शिवसेना प्रदेश महामंत्री संतोष यदु, योगेश अग्रवाल, चैंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, स. बलविंदर सिंह पनेसर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रेस क्लब के आधिकारिक न्यूज पोर्टल का शुभारंभ भी किया, जिसे जिले की पत्रकारिता को डिजिटल युग से जोड़ने की महत्वपूर्ण पहल बताया गया। समारोह का मुख्य आकर्षण पत्रकार सम्मान कार्यक्रम रहा, जिसमें जनसरोकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाने वाले तथा निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता के माध्यम से समाज को दिशा देने वाले पत्रकारों को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के लिए जैसे ही पत्रकार मंच पर पहुंचे, सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस दौरान पत्रकारों की भूमिका और उनके सामाजिक दायित्वों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया।मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज और शासन के बीच सशक्त सेतु का कार्य करते हैं। उनकी लेखनी जनहित के मुद्दों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि पत्रकार विषम परिस्थितियों में भी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। विधायक संदीप साहू ने पत्रकारों के संघर्षपूर्ण कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी भी घटना या आपदा की स्थिति में सबसे पहले सत्य को समाज तक पहुंचाने का कार्य पत्रकार ही करते हैं।

# मांगें पूरी कराने रोजगार सहायक करेंगे हड़ताल, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मोदी की गारंटी के तहत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर रोजगार सहायक 2, 3 और 4 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे। इसके लिए पलारी ब्लॉक के रोजगार सहायकों ने सीईओ को ज्ञापन सौंपा है। गौरतलब हो कि वीबी जी राम जी योजना 1 जुलाई से लागू हो जाएगी, वहीं मोदी की गारंटी के तहत मनरेगा वी.बी. जी. राम जी. कर्मियों को मानव संसाधन नीति के माध्यम से सेवा एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा ग्राम रोजगार सहायकों का संविदा, ग्रेड पे निर्धारण वीबीजीरामजी कर्मियों की विगत कई वर्षों से लंबित मांग है। सेवा सामाजिक सुरक्षा हेतु मानव संसाधन नीति लागू करने, ग्राम रोजगार सहायको का संविदा एवं ग्रेड पे निर्धारण 1 जुलाई तक लागू करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने कहा कि यदि 1 जुलाई को राज्य में हमारी मांगों की घोषणा एवं नीतियों का निर्धारण नहीं करती है तो 2 व 3 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिलों में जनपद व जिला स्तर पर तथा 4 जुलाई को प्रदेश स्तर पर राजधानी रायपुर में हड़ताल व रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जायेगा।



# विधायक संदीप की मौजूदगी में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल





उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहतरा क में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों पालकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद पंचायत सदस्य शीतल हितेश बंजारे ग्राम पंचायत सरपंच गोरेलाल पैकरा शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र साहू हितेश बंजारे योगेश बंजारे एवं चंदन साहू उपस्थित थे। विधायक संदीप साहू ने कहा कि शिक्षा जीवन को बेहतर बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। अच्छी शिक्षा प्राप्त कर विद्यार्थी डॉक्टर, शिक्षक पुलिस अधिकारी वकील कलेक्टर एवं जनप्रतिनिधि जैसे महत्वपूर्ण पदों तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर नियमित रूप से विद्यालय आने तथा घर पर भी अध्ययन करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य चूड़ामणि साहू ने की। विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया तथा नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में व्याख्याता देवेंद्र खुटे, फुलवा खुटे, कुसुम जायसवाल, उर्वशी, मोहन, शशिकला साहू, नेतराम केवट, साधना, राकेश, हेमलता दुबे, नीलिमा साहू, सुनीता सेन, दिलीप साहू, ललिता पुरैना, संकुल समन्वयक बृजेश टंडन, बोधन कोसले, मंदिर प्रसाद घृतलहरे, भगवाराम जायसवाल, सहित संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

# योग से निरोग बनने का संदेश दे रही गृहणी समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

विश्व योग दिवस पर गृहणी समिति द्वारा विभिन्न ग्रामों में योग जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 45 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों को योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने के लिए प्रेरित करना तथा औषधियों पर निर्भरता कम करने का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों, पालकों, स्व-सहायता समूह के सदस्यों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं ग्रामीण नागरिकों को नियमित योगाभ्यास के महत्व और उससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा अनेक बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण में भी सहायता मिलती है। गृहणी समिति की अध्यक्ष रूपा श्रीवास्तव ने बताया कि समिति द्वारा बूडगहन, चूचरूंगपुर सहित विभिन्न ग्रामों में योग कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवन की कुंजी है और इसे दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेंद्र वर्मा, उषा साहू, थानेश्वर वर्मा एवं तोमेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वास्थ्य प्रेमियों एवं ग्रामीणों ने भाग लेकर योग को अपनाने का संकल्प लिया।



# हाई स्कूल में शाला प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासकीय हाई स्कूल साराडीह में विद्यालय के विकास एवं संचालन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक ग्राम साराडीह के सरपंच झुमुक लाल साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सुरेन दास भारद्वाज को समिति का अध्यक्ष तथा कुसुम लता साहू को उपाध्यक्ष चुना गया। समिति के सदस्य के रूप में राहस टंडन, जितेंद्र साहू, गिरधारी चतुर्वेदी, भोला निर्मलकर, कुलेश्वर, संपत तुरकरने, लोकनाथ साहू, मीना टंडन, लीला चतुर्वेदी, गीता चतुर्वेदी, गीता गेन्द्रे, पुन्नी साहू एवं शिवकुमारी आदिल का चयन किया गया शिक्षाविद् के रूप में संतोष साहू को शामिल किया गया। जनप्रतिनिधि के रूप में झुमुक लाल साहू तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में थीरमती साहू एवं ईश्वरी साहू को समिति में स्थान दिया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य राजकुमार साहू, संकुल समन्वयक मनोज कुमार गायकवाड़, सरोज साहू, नंदनी घृतलहरे, लखन लाल वर्मा, हीरा लाल वर्मा, योगेश कुमार ध्रुव, छन्नू लाल ध्रुव, महेंद्र मारकंडे, रजनी बंजारे, भूमिका वर्मा सहित शिक्षकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित

# सुविधा विहीन स्कूलों में बच्चे कैसे पढ़ेंगे - कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, स्कूलों में नया शिक्षण सत्र शुरू हो गया है, लेकिन सुविधाओं के आभाव में पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है। प्रदेश के अधिकतर स्कूलों, भवन, शौचालय, पेयजल जैसी सुविधाओं की कमी तो है ही, प्रदेश में 57000 से अधिक शिक्षकों के पद भी खाली पड़े हैं। 12560 स्कूलों के भवन जर्जर पड़े हैं। जर्जर और खतरनाक भवनों में बच्चे कैसे पढ़ाई करेंगे। उन्होंने कहा, अभी तक स्कूलों में सरकार पाठ्य पुस्तकें नहीं पहुंचा पाई है। बच्चों को स्कूल ड्रेस भी सरकार नहीं पहुंचा पाई है। सुविधाओं के बिना स्कूलों में पढ़ाई कैसे हो पायेगी। सरकार शाला प्रवेश उत्सव का खूब ढिंढ़ोरा पीट रही है, लेकिन शाला में पढ़ाई के लिये जरूरी सुविधायें जुटाने में पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चे पढ़े लिखें, पढ़ लिख पाएं, इन्हें डर है कि पढ़ा लिखा युवा इनसे सवाल पूछेगा, इन्हें तो अंधभक्त चाहिए और इसीलिए दुर्भावना से शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने में जुटी हुई है सरकार।

# 386 हितग्राहियों को पीएम आवास का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी



बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के गांधी चौक में 24 जून को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण 2.0 के अंतर्गत 386 हितग्राहियों का अनुमोदन हुआ। ग्राम सभा में जनपद पंचायत से प्राप्त प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण 2.0 सर्वे सूची का ग्रामवासियों के समक्ष वाचन कर परीक्षण किया गया।

ग्राम में 829 ग्रामीण परिवारों का सर्वे हुआ था। इसमें से 386 हितग्राहियों का सर्वे सूची प्राप्त के अनुसार ग्राम वासियों के उपस्थिति में सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। साथ ही बताया गया कि कच्चे मकान को ही प्राथमिकता दिया जाएगा। जिस स्थान पर कच्चे मकान होंगे वही आवास निर्माण किया जायेगा।

उपसरपंच विष्णु साहू ने बताया कि ग्राम में 829 हितग्राहियों का सर्वे हुआ था, जिसमें से 386 हितग्राहियों का सर्वे सूची प्राप्त हुई है और शेष बचे 443 हितग्राहियों को आगे भी सर्वे सूची आने की बात कही गई।

इस ग्रामसभा में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर सहभागिता निभाई और शांतिपूर्ण आयोजन हुआ। इस अवसर में सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उप सरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, रोजगार सहायक विनोद सोनी, पूर्व सरपंच चित्ररेखा साहू, प्रीति साहू, कन्हैया कटारे, राजेश्वरी ध्रुव, चंद्रौवतीन साहू, मालती साहू, परनिया साहू, संगीता ध्रुव एवं पंचगण तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

## राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में कलश चंद्राकर का चयन

**अर्जुनी।** पूर्व माध्यमिक शाला अर्जुनी से कक्षा आठवीं की छात्रा कलश चन्द्राकर का राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है। छात्रा कलश चंद्राकर की इस सफलता पर प्रधान पाठक वंदना



साहू संकुल समन्वयक गोपाल सिंह वर्मा शिक्षिका अनुराधा वैष्णव मीना देवांगन एवं शिक्षक जयप्रकाश यदु ने बधाई दी है। विदित हो कि अर्जुनी निवासी दिलीप चंद्राकर मधु चंद्राकर की सुपुत्री कलश चंद्राकर ने कक्षा आठवीं में 93 प्रतिशत अंक पाकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त की। राष्ट्रीय साधन सह छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर छात्रा कलश चंद्राकर को कक्षा नौवीं से 12वीं तक हर महीने छात्रवृत्ति के रूप में एक हजार मिलेगी। छात्रा कलश चंद्राकर ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षक जयप्रकाश यदु को दिया। शिक्षक जयप्रकाश यदु ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति की फॉर्म भरने एवं उनके किताब खरीदकर तैयारी में लगातार मदद की।

## छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 28 को

**गिधौरी।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ की प्रदेश स्तरीय बैठक 28 जून को दोपहर 12 से गुरु घासीदास संस्कृतिक भवन न्यू राजेंद्र नगर विजेता कंपलेक्स के पीछे रायपुर में आयोजित की गई है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया समाज की हो रही उपेक्षा के संबंध में चर्चा की जाएगी। साथ ही विभिन्न



समाज प्रमुखों द्वारा सरकार के सामने दिए जाने वाले मांगों को पर भी सरकार ने आज तक गंभीरता से नहीं लेने पर चर्चा होगी। उक्त बातें आज सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार ने सामाजिक भावनाओं का लगातार अपमान कर रही है समाज के लोगों ने अपनी अपनी समाज की ओर से कई मांगें प्रस्तुत की, लेकिन आज तक शासन की ओर से कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ जिससे समाज में बड़ा आक्रोश है। बैठक में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ से जुड़े समस्त समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश के समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्य जिला के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी उपस्थित होंगे ।

## भीमसेनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में भीमसेनी एकादशी पर व्रत (निर्जला) रखकर महिलाओं ने पूजा अर्चना की। राम मंदिर में एकत्रित होकर महिलाओं ने व्रत के नियमों का पालन किया, कथा सुनी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दिन बिना जल और अन्न ग्रहण किए 24 घंटे का उपवास रखा। महाभारत काल में पांडव पुत्र भीमसेन द्वारा इस व्रत को रखने के कारण इसे 'भीमसेनी एकादशी' भी कहा जाता है।

# नालीनुमा सड़क पर हादसों का क्रम जारी, ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

बलौदाबाजार से भाटापारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम अर्जुनी में मिरगी मोड से लेकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक की सड़क मरम्मत के अभाव में एवं ओवर लोडिंग वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति धंसकर नालीनुमा निर्मित हो गई है, जो इन दिनों हादसों का मार्ग बना हुआ है। एक किलोमीटर से अधिक दूर तक नालीनुमा बन चुके सड़क से आए दिन दुर्घटनाओं का क्रम जारी है और लगातार हो रहे हादसे से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। सड़क काफी

### धंसी सड़क पर लगातार हादसे, ग्रामीणों ने की तत्काल मरम्मत की मांग



#### मिरगी मोड़ से हाउसिंग बोर्ड तक सड़क बनी जानलेवा

बता दें कि एडीबी के तहत बलौदाबाजार से भाटापारा तक बनी सड़क में मिरगी मोड़ से लेकर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक एक किलोमीटर सड़क बुरी तरह से धंसकर नालीनुमा बन चुकी है। नालीनुमा बन चुकी सड़क में कई दिनों से वाहन चालक गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। विगत दिनों अर्जुनी टोनाटार मोड़ के पास एक दुपहिया वाहन चालक नालीनुमा बने हुए सड़क में अनियंत्रित होकर गिर गए। जिससे वाहन चालक के हाथों में चोट आई और पीछे बैठे दो युवतियों को भी चोट लगी। इसी दौरान समाचार कवरेज पर निकले हमारे इस प्रतिनिधि ने दुर्घटना को देखा और दुर्घटना में शिकार हुए वाहन चालक की इलाज के लिए अपने संबंधित डॉक्टर को बुलाकर इलाज करवाया। इसी तरह 25 जून को भी एक बाइक सवार गिरकर घायल हो गए। ग्रामीण रंजीत साहू, रतिराम फेकर, टीकाराम साहू, नेतराम साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से तत्काल मरम्मत कार्य करवाने की मांग की है।

बुरी तरह धंसकर नालीनुमा निर्मित हो चुका है। नालीनुमा बन चुके सड़क में लगातार हादसे होने के बावजूद भी न ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न हीं संबंधित विभाग जबकि बलौदाबाजार भाटापारा का यह मुख्य मार्ग है, जिसमें आए दिन अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों का आना जाना लगा रहता है।

उनका कहना है कि यदि समय रहते नालीनुमा बन चुके सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो गंभीर परिणाम हो सकते हैं। अब देखने वाली बात यह है कि क्या संबंधित विभाग इस लगातार हादसों के क्रम को मरम्मत कर रोक पाएगा या यूं ही बड़ी घटनाए होने के बाद मूकदर्शक बना रहेगा।

### पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने किया शुभारंभ

# लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 10 लाख में होगा रोड टॉप का निर्माण, भूमिपूजन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में लगभग 10 लाख की लागत से निर्मित होने वाले रोड टॉप निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

प्रस्तावित रोड टॉप निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी तथा लंबे समय से महसूस की जा रही सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान होगा। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क, नाली, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। नगर पालिका का उद्देश्य प्रत्येक वार्ड को बेहतर सुविधाओं से सुसज्जित करना है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में लगभग 10 लाख रुपये की लागत से होने वाला यह रोड टॉप निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों की श्रृंखला निरंतर जारी है तथा नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप नई परियोजनाओं को भी स्वीकृति प्रदान कर क्रियान्वित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया तथा

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश तिवारी जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु सभापति गोविंद पटेल,मनीष मिश्रा,कुंजराम कोशले, देवेन्द्र साहू, बंटी टंडन, मनी राम साहू, अशोक साहू, शिव अनंत धनेश माधवानी, आनंद साहू, खिलावन साहू, दुकलिन ध्रुव, आएशा खान, नीरा साहू, मधु सोनी एवं समस्त वार्डवासी मौजूद थे।



#### विकास कार्य क्षेत्र की प्रगति का आधार हैं

विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि विकास कार्य किसी भी क्षेत्र की प्रगति का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से भाटापारा नगर में लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में होने वाला यह रोड टॉप निर्माण कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करेगा। बेहतर सड़कें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी गति प्रदान करती हैं। हमारा प्रयास है कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों और विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

## सेवानिवृति पर हायर सेकंडरी में तीन शिक्षकों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला सिमगा में तीन शिक्षकों को विदाई दी गई। इसमें बिसाहू दास पाटिल वरिष्ठ शिक्षक राम नारायण साहू प्रधान पाठक एवं अमोल दास पात्र प्राचार्य शामिल थे। तीनों शिक्षकों का कार्यकाल 40 वर्षों से ऊपर रहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं एबीओ राकेश सिंह, चतुर सिंह ध्रुव एवं ढाल सिंह ठाकुर उपस्थित थे। बिसाहू दास पाटिल ने शिक्षा जगत में जीवन व्यतीत करना परम सौभाग्य का विषय माना और कहा विद्या विनय देती है विनय से पात्रता आती है, पात्रता से धन मिलता है। धन को अच्छे कार्यों में लगाने से धर्म की अभिवृद्धि होती है और फिर सुख और शांति की प्राप्ति होती है। राम नारायण साहू ने कबीर दासजी का दोहा आए हैं सो जाएंगे, राजा रंक फकीर एक सिंहासन चढ़ी चले एक बँधे जंजीर, को उद्धृत किया साथ में कठिनाइयों के सामने नहीं झुकने का भी संदेश दिया। अमोल दास पात्र ने शाला में अतिरिक्त कमरों की मांग पर जोर दिया एवं शाला परिसर को अतिक्रमण से मुक्त करने की बात भी कहीं। प्राचार्य आशुतोष शर्मा ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया, जबकि उद्घोषक के रूप में दुर्गेश कुमार इंदौरइया ने भूमिका निभाई। उक्त अवसर पर स्टाफ के अन्य शिक्षकों मृणाली गेंद्रे, कुलदीप साहू, भूमिका वर्मा, साधना यादव कुलदीपक साहू, गजेंद्र साहू, यासमीन काजमी, विजय, कौशल, शुभम सिंह,पूजा यादव, दिगेश्वर ध्रुव, पंकज कुर्रे, प्रीति वैद्य, खेमेश्वरी देशलहरे साथ में लिपिक वर्ग में शैलेंद्र शर्मा, शंकर लाल कश्यप, कल्याण वर्मा, कीर्तन ध्रुव, रागिनी दांडेकर अन्य स्टाफ सदस्य हिमांशु टंडन गीता देवांगन आशा मानिकपुरी उपस्थित रहे।

## घर से नाराज होकर निकली 15 वर्षीय बालिका का सुरक्षित रेस्क्यू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सुरक्षा एवं सजगता अभियान के तहत थाना गिधौरी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की मुस्तैदी के चलते घर से नाराज होकर भाग रही एक नाबालिग बालिका को सुरक्षित बचाकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

गुरुवार 25 जून को थाना गिधौरी की पुलिस पेट्रोलिंग टीम क्षेत्र में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मुस्तैदी से गश्त पर थी। इसी दौरान गिधौरी बस स्टैंड में एक 15 वर्षीय बालिका संदिग्ध एवं परेशान हालत में खड़ी दिखाई दी। सजग पेट्रोलिंग टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बच्ची से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि बालिका ग्राम महुवाडीह (थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़) की रहने वाली है। आज घर में पिता की डांट से नाराज होकर वह बिना बताए घर से भाग निकली थी और बाहर जाने के लिए बस स्टैंड में बस का इंतजार कर रही थी।

#### पुलिस की समझाइश के बाद परिजनों को सौंपा

बालिका की सुरक्षा को भांपते हुए थाना गिधौरी पुलिस ने उसे अत्यंत संवेदनशीलता के साथ सुरक्षार्थ थाने लाया। थाने में महिला पुलिस कर्मियों की उपस्थिति में बालिका को ढांढस बंधाया गया और उसे समझाइश दी गई, जिससे वह शांत हुई। पुलिस टीम द्वारा तत्काल बालिका के गृह ग्राम और परिजनों से संपर्क कर उन्हें थाना गिधौरी बुलाया गया। थाने पहुंचे परिजनों को भी बच्चों के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार करने की समझाइश दी गई। इसके पश्चात बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों ने बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की इस तत्परता, सजगता और मानवीय दृष्टिकोण के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है।

## राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने लगाया पौधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला टोहड़ा में कबीर प्राकट्य समारोह पर पूर्व सरपंच खुबदास वैष्णव ने विद्यालय में बच्चों को खीर पूरी, चावल, दाल, सब्जी, मिठाई खिलाकर न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने विद्यालय प्रांगण में नीम पीपल का पौधा रोपण किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से सांसद ने कबीर कुटी और वहां बनने वाले बाउंड्रीवल के लिए राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला पंचायत रायपुर के सभापति स्वाति वर्मा, पूर्व जनपद अध्यक्ष सिमगा अदिति बघमार, जनपद सदस्य अनुपम अग्रवाल, तुकाराम जोगी, साहेब दास वैष्णन, हेमचंद वर्मा, सरपंच रूपेन्द्र वर्मा, प्राचार्य आर एक्का, दिनेश आदिल, डोमार वर्मा, हीरालाल सिन्हा, विक्रांत पैकरा, वीरेंद्र वर्मा, अजीत वर्मा, कमल साहू, प्रधानपाठक मनहरण लाल वर्मा, नौतन साहू, सहित सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक और महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे। मंच संचालन वरिष्ठ समाजसेवी और छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के अध्यक्ष संदीप वर्मा ने किया।

## शाला प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम इल्दा स्थित प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी एवं अध्ययनरत बच्चों को पुस्तकें वितरित की गईं तथा मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच धनेश साहू, जनपद सदस्य सौरभ वर्मा, प्राथमिक शाला अध्यक्ष चरण साहू, पंच परस साहू सहित गांव के गणमान्य नागरिक दरबारी साहू, भगत राम साहू एवं अवधेश कन्नौजे उपस्थित रहे। इस अवसर पर हाई स्कूल की प्राचार्य चांदनी यदुवंशी, मिडिल स्कूल के शिक्षक ललित शर्मा एवं खुमान साहू, प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक संतोषी यादव तथा शिक्षक नन्द कुमार रात्रे ने कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। शाला प्रवेश उत्सव में कक्षा 1 से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं एवं उनके पालकों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने और शिक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना तथा विद्यालय से जुड़ाव मजबूत करना रहा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जितेंद्र वर्मा द्वारा किया गया।



#### वटगन विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव मना

पलारी। शास.उच्च.मध्य.विद्यालय वटगन में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य उमेश यदु एवं अध्यक्षता बाबुलाल बंजारे सरपंच ने की। बच्चों को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर और पुस्तक वितरण कर नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्री यदु ने कविता एवं गीत के माध्यम से प्रतिदिन बच्चों को विद्यालय भेजने के लिये प्ररित किया। सरपंच बंजारे ने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण बच्चों को बधाई देते हुए इस वर्ष भी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने के लिये मार्गदर्शन दिया।प्राचार्य हेमन्त वर्मा ने पालकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का आग्रह किया। इस अवसर पर हरिश्चन्द्र वर्मा, रामू वर्मा, महेन्द्र महिलांग, फ़लिंद्र वर्मा, दामिनी कन्नौजे, श्री हस्ती एवं व्याख्याता भरत लाल ढिढि, रेखा वर्मा, सगुन सोनी, शुशीला जांगड़े, प्रधान पाठक मुन्ना लाल ध्रुव, खेमनाथ गोयल सहित शिक्षक, पालक एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### विधायक इन्द्र साव ने बाउंड्रीवाल और प्रार्थना शेड निर्माण की घोषणा की

# शिक्षा करती है व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ग्राम पंचायत बनसांकरा स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्र साव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक साव ने विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों को शाला प्रवेश उत्सव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान की भावना भी उतनी ही आवश्यक है। विद्यार्थी आज विद्यालय की चौखट पर ज्ञान अर्जित कर रहे हैं, लेकिन आने वाले समय में यही बच्चे देश और समाज की दिशा तय करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा माता-पिता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का सम्मान करने का आह्वान किया। विधायक साव ने कहा कि हम शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कहा कि आज की परिस्थितियों और पुरानी शिक्षा व्यवस्था में काफी अंतर आ गया है। पहले गुरुजन विद्यार्थियों को अनुशासित करने और उनका भविष्य संवारने के लिए आवश्यक कठोरता भी अपनाते थे लेकिन आज यदि शिक्षक बच्चों को डांट-फटकार लगाते हैं तो कई बार पालकों द्वारा शिकायत की जाती है जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार सोना तपकर और अधिक चमकदार बनता है, उसी प्रकार अनुशासन और मार्गदर्शन से ही बच्चों का व्यक्तित्व निखरता है।शाला विकास समिति के अध्यक्ष नरेश साहू ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा एवं जीवन मूल्यों से संबंधित ज्ञानवर्धक बातें बताईं।



#### विधायक ने छात्राओं को बांटी साइकिलें

विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीवास्तव ने शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य ध्रुव ने आभार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय में बाउंड्रीवाल एवं प्रार्थना शेड निर्माण की मांग रखी जिस पर विधायक साव ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए दोनों कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की घोषणा की। विधायक श्री साव ने छात्राओं को साइकिल वितरण किया तथा विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर सरपंच राहुल ठाकुर, ईश्वर सिंह ठाकुर, सुनीता यादव, अरुण यादव, हिरेंद्र कोसले, आगेश जांगड़े, सत्यजीत शेंडे, भागवत मिरी, मनोज साहू, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विद्यालयीन छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कर्मचारी को नियम विरुद्ध संलग्न करने की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ-बिलाईगढ़ जिले में शासन के नियम के विरुद्ध सभी नियमों को तांक में रख कर महिला बाल विकास विभाग भटगांव के महिला पर्यवेक्षक बहारतींन चौहान को सारंगढ़ परियोजना कार्यालय में अटैच करने की जानकारी व शिकायत प्राप्त हुई है। विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सारंगढ़ द्वारा पिछले वर्ष 4 दिसंबर को एक आदेश जारी कर बहारतींन चौहान जो भटगांव कार्यालय में पदस्थ थी, उसे सारंगढ़ कार्यालय में 3 महीने के लिए अटैच किया गया था, परंतु 3 महीने के बाद भी आज दिनांक तक बहारतींन चौहान सारंगढ़ कार्यालय में ही लगभग 1 साल से अटैच होकर दूसरे कार्यालय में कार्यरत है। यहां बताना लाजमी होगा कि बहारतींन चौहान का वेतन भटगांव कार्यालय से ही निकल रहा है तथा भटगांव में वर्तमान में 2 पद महिला पर्यवेक्षक के रिक्त है, उसके बाद भी भटगांव के कर्मचारी को गलत तरीके से दूसरे कार्यालय में अटैच कर कार्य कराया जा रहा है। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से आवेदक डेरहा डहरिया ने इस नियम विरुद्ध अटैच किये जाने की शिकायत मुख्यमंत्री के हेल्प लाइन में 23 जून को किया है।